बुधवार
8 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 64 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर में 2026-27 सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न खेल आधारित पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने खेल शिक्षा, कोचिंग और खेल प्रबंधन के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों से आवेदन करने की अपील की है।

माननीय कुलपति शिशिर सिन्हा के नेतृत्व, कुलसचिव रजनी कांत के प्रशासनिक मार्गदर्शन तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. निशिकांत तिवारी के शैक्षणिक पर्यवेक्षण में विश्वविद्यालय खेल शिक्षा के क्षेत्र में दक्ष और पेशेवर युवाओं को तैयार करने के लिए कार्य कर रहा है।

विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस) चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग (पीजीडीएससी) एक वर्षीय पाठ्यक्रम तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (पीजीडीएसएम) एक वर्षीय पाठ्यक्रम में नामांकन लिया जा रहा है। स्पोर्ट्स कोचिंग पाठ्यक्रम एथलेटिक्स, क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी खेलों में उपलब्ध है।विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद से अनुमोदित हैं और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुरूप संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही पीजीडीएससी पाठ्यक्रम को पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान और ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के समकक्ष मान्यता प्राप्त है।

ऑनलाइन आवेदन 8 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 30 अप्रैल 2026 तक किया जा सकेगा। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। नामांकन से संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय द्वारा जारी संपर्क नंबरों पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर डीएम सख्त, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। 7 अप्रैल 2026 को जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों से अधिक शुल्क वसूले जाने की शिकायतों पर गंभीरता से चर्चा की गई और इस पर सख्त नियंत्रण के निर्देश दिए गए।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि कई निजी विद्यालय नामांकन, पुनर्नामांकन, विकास शुल्क, वार्षिक शुल्क, पुस्तक, पाठ्य सामग्री, पोशाक, जूता, स्टेशनरी और परिवहन शुल्क के नाम पर अभिभावकों से अधिक राशि वसूल रहे हैं। साथ ही अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से ही ड्रेस और किताब खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

डीएम ने स्पष्ट कहा कि गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा समाज के हर वर्ग का अधिकार है। इसलिए बिहार निजी विद्यालय (शुल्क विनियमन) विधेयक 2019 के प्रावधानों के अनुसार ही विद्यालयों को शुल्क निर्धारितकरना होगा। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी निजी विद्यालयों के संचालकों के साथ जल्द बैठक कर इस कानून की जानकारी दें और इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि कोई भी विद्यालय विद्यार्थियों को किसी विशेष दुकान से ड्रेस, किताब या अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। सभी विद्यालयों को पुस्तकों और यूनिफॉर्म की सूची अपनी वेबसाइट तथा विद्यालय परिसर में प्रदर्शित करनी होगी।

शिकायत दर्ज करने के लिए privateschoolsnalanda@gmail.com ईमेल जारी किया गया है। डीएम ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर जुर्माना लगाया जाएगा तथा उनकी मान्यता भी रद्द की जा सकती है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नालंदा में युवाओं को मिली तैयारी की ताकत, 111 को स्टडी किट




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा नियोजन सेवा विस्तार योजना के तहत योग्य अभ्यर्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्टडी किट प्रदान की गई। सोमवार 7 अप्रैल 2026 को जिला नियोजनालय, नालंदा के तत्वावधान में कुल 111 अभ्यर्थियों के बीच स्टडी किट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को सहायता उपलब्ध कराई गई। इनमें यूपीएससी के 6, बीपीएससी के 37, बिहार एसआई एवं बिहार पुलिस के 9, बीएसएससी के 33 तथा रेलवे एवं एसएससी के 19 अभ्यर्थियों को स्टडी किट प्रदान की गई।

अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 162 स्टडी किट का वितरण किया जा चुका है, जिससे कई अभ्यर्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिल रही है।

इसके अलावा टूल किट योजना के लाभुकों को भी अगले सप्ताह टूल किट वितरित करने की तैयारी की जा रही है। जिला नियोजनालय द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी इस योजना के अंतर्गत आवेदन लिए जा रहे हैं।योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थियों का जिला नियोजनालय नालंदा में कम से कम छह माह पूर्व से निबंधन होना आवश्यक है तथा उनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम होनी चाहिए। इस योजना में ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, महिलाएं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 18 से 40 वर्ष के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष संख्या 06112-2359276 पर संपर्क कर सकते हैं।

## अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ-2026 अभियान चलाएगा नगर निगम, अवैध कब्जों पर कार्रवाई




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से बिहारशरीफ नगर निगम ने "अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ-2026" अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय नगर आयुक्त के निर्देशन में लिया गया है। अभियान के तहत शहर के विभिन्न इलाकों में सड़क, नाला और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार कई स्थानों पर मकान या भवन की पहुंची (अस्थायी निर्माण) निकालकर सड़क तक बढ़ा दी गई है। इसके अलावा कई दुकानदारों द्वारा स्ट्रीट लाइन के आगे सड़क पर दुकान सजाकर अतिक्रमण किया गया है। नालों एवं सड़कों पर भी कई तरह के अवैध कब्जे देखे जा रहे हैं, जिससे यातायात और सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे सभी अतिक्रमणों को अभियान के दौरान हटाया जाएगा।

नगर निगम द्वारा इस अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए विशेष टीम का गठन किया जाएगा। इस टीम में संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहेंगे और आवश्यक उपकरणों के साथ शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों से दंड राशि भी वसूली जाएगी तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम बिहारशरीफ ने शहर के सभी अतिक्रमणकारियों से अपील की है कि वे अपने द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटा लें। प्रशासन ने कहा है कि "अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ-2026" अभियान को सफल और सकारात्मक बनाने के लिए आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। इससे शहर की सड़कें सुगम होंगी और स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# माता सुशीला नर्सिंग संस्थान के विद्यार्थियों की ग्रामीण क्षेत्रों में कम्युनिटी ड्यूटी शुरू




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। माता सुशीला इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (नर्सिंग) द्वारा छात्र-छात्राओं के समग्र विकास एवं सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से जीएनएम द्वितीय वर्ष तथा बीएससी नर्सिंग पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की कम्युनिटी ड्यूटी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नर्सिंग शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा जा रहा है, जहां वे घर-घर जाकर लोगों से संपर्क स्थापित करेंगे और स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। इस दौरान छात्र-छात्राएं लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा, संतुलित पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संक्रामक और असंक्रामक रोगों की रोकथाम, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा पर्यावरण स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देंगे।


साथ ही विद्यार्थियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी, जिसमें रक्तचाप मापन, तापमान जांच और सामान्य स्वास्थ्य परामर्श जैसी सेवाएं ग्रामीणों को



उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी और प्रारंभिक जांच की सुविधा मिलेगी।

संस्थान के प्राचार्य कुक्की सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों प्रियंका चौधरी, रानी स्तुति सिन्हा, प्रिंस कुमार, पम्मी कुमारी, श्रीनिवास माथुर, श्रिष्टी कुमारी, अंजलि भारती एवं गौरव सिंह के निर्देशन में यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। संस्थान द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों और स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह पहल समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कदम माना जा रहा है।










Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

## Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST


RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.



### Modular Kitchen
✓ Cabinets, shutters, drawers



### TV Unit & Wall Panels
✓ Modern design, storage



### Wardrobes & Closets
✓ Sliding, swing, loft, drawers



### Bathroom Vanities
✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar

# पांचवीं पास छात्रों को तिलक और माला पहनाकर विद्यालय से दी विदाई




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जैतीपुर में पांचवीं कक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए भावपूर्ण माहौल में विदाई दी।

समारोह के दौरान शिक्षक रौशन कुमार ने उत्तीर्ण छात्रों को तिलक लगाकर, फूलों की वर्षा कर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आगे की पढ़ाई पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा साधन है और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा समर्पित रहना चाहिए।

प्रधान शिक्षिका अनिशा कुमारी ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा कि जहां भी जाएं, अनुशासन और संस्कार को कभी न छोड़ें। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा का अर्थ केवल मैट्रिक या इंटर पास करडिग्री हासिल करना नहीं है, बल्कि अपनी रुचि के अनुसार क्षेत्र का चयन कर उसमें उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करना जरूरी है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी की सलाह दी।

शिक्षिका कुमारी तनुजा सिन्हा और पूनम कुमारी ने बच्चों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार क्षेत्र चुनकर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं शिक्षिका रानी कुमारी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर विद्यालय की ओर से हमेशा मार्गदर्शन और सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा सेवी अशोक कुमार ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समारोह के दौरान छात्रों और शिक्षकों के बीच भावनात्मक माहौल देखने को मिला। इस मौके पर संजना कुमारी, शिवानी कुमारी, राधा कुमारी, पार्वती कुमारी, जयरानी, प्रतिमा कुमारी, पवन कुमार, कन्हैया कुमार, मोहित कुमार, शिवम कुमार सहित कुल 35 बच्चों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र देकर विद्यालय से विदाई दी गई और उनके सफल भविष्य की कामना की|

# प्राथमिक विद्यालय मानपुर में पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



आर संतोष भारती

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अस्थावां प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मानपुर में सोमवार को पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और बच्चों के चेहरे पर खुशी व भावुकता दोनों झलक रही थी।

विदाई समारोह के दौरान कक्षा चार के विद्यार्थियों ने कक्षा पांच के बच्चों का चंदन व रोड़ी का तिलक लगाकर तथा अबीर से स्वागत किया। इसके बाद बच्चों को फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। कक्षा चार के विद्यार्थियों ने कक्षा पांच के छात्रों की आरती उतारकर समारोह को और भी खास बना दिया, जिससे पूरा माहौल भावनात्मक हो गया।

विद्यालय परिवार द्वारा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए बच्चों के बीच लस्सी, फ्रूट सलाद, गोलगप्पा और मंचूरियन का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया और बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में पंचायत राज अमावां के मुखिया राजा बाबू तथा पंचायत समिति सदस्य सुधीर कुमार ने भी भाग लिया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्यकांत सिंह कांत ने कहा कि यह क्षण बच्चों के जीवन में नई दिशा की शुरुआत है।


वहीं विद्यालय परिवार के सदस्य कुमारी रंजन, रेणु कुमारी, रंजू कुमारी, अभय कुमार और अब्दुस सलाम ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में सभी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।












# चंडी में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा, अधूरे घर जल्द पूरा करने का निर्देश



चितरंजन कुमार


चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राजदेव कुमार रजक ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके आवासों की स्थिति, पहली, दूसरी और तीसरी किश्त के भुगतान की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में कुल 2071 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत किया गया था। इसके विरुद्ध अब तक केवल 792 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो पाया है, जबकि 1279 लाभार्थियों के आवास अभी भी अधूरे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान लंबित रहने के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है।

बैठक में बीडीओ राजदेव कुमार रजक ने सभी आवास सहायकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधूरे आवासों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। साथ ही जिन लाभार्थियों के घर बन चुके हैं, उन्हें समय पर योजना की किश्त का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों को मनरेगा मजदूरी का भुगतान नहीं मिला है, उनके मामलों में मनरेगा कार्यालय से समन्वय स्थापित कर शीघ्र भुगतान कराया जाए, ताकि आवास निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

बीडीओ ने आवास सहायकों को पंचायत स्तर पर नियमित भ्रमण कर लाभार्थियों से संपर्क बनाए रखने और निर्माण कार्य की प्रगति पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में आवास पर्यवेक्षक आलोक कुमार सहित कई आवास सहायक उपस्थित रहे।












# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हिलसा रेड क्रॉस का संकल्प, वैज्ञानिक सोच से स्वस्थ समाज बनाने का आह्वान



हिलसा (अपना नालंदा)।मंगलवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की उपजिला शाखा हिलसा कार्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "स्वास्थ्य के लिए एकजुट होकर विज्ञान के साथ खड़े हैं" पर आधारित इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वैज्ञानिक सोच अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक हो गया है। बदलती जीवनशैली और खानपान की आदतों में आए तेजी से बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ऐसे में लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और चिकित्सकीय सलाह को अपनाने की आवश्यकता है।मुख्य पार्षद घनंजय कुमार ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के कारण कई नई स्वास्थ्य समस्याएं सामने आ रही हैं। यदि समय रहते लोग अपनी दिनचर्या में सुधार नहीं करेंगे तो भविष्य में इसका गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।वहीं मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भ्रामक जानकारियों और अफवाहों से दूर रहें तथा प्रमाणित चिकित्सा पद्धतियों पर भरोसा करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग की तत्परता और योजनाओं के कारण कई गंभीर बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया है, जो समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।इस अवसर पर रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष अभिजीत कुमार, प्रवक्ता संतोष कुमार, आर्यन आर्क, गणेश रजक, नरेश प्रसाद अकेला, सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा, अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा तथा सुरेश कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और वैज्ञानिक सोच के साथ समाज को स्वस्थ बनाने का आह्वान किया।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# 91 लाख नाम कटने से तृणमूल का वोट बैंक होगा प्रभावित

सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बाद चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। छह अप्रैल को शीर्ष अदालत ने 24 घंटे में आयोग को फाइनल वोटर लिस्ट जारी करने का आदेश दिया था। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद अब यह बड़ा कदम उठा। 91 लाख वोटर्स के नाम हटा दिए गए। यह संख्या किसी भूकंप से कम नहीं। हर जिले की अलग सूची जारी की गई ताकि पारदर्शिता बनी रहे। आयोग ने स्पष्ट किया कि 60 लाख से अधिक मतदाता जांच के दायरे में थे। इनमें से 27 लाख से ज्यादा के नाम कट गए। ये पहले से संदिग्ध सूची में थे। मृतकों के नाम भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। यह कदम लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला है या राजनीतिक खेल का हिस्सा? गौरतलब हो, पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट लंबे समय से विवादों में थी। विधानसभा चुनावों के दौरान अवैध घुसपैठ के आरोप लगे। बांग्लादेश से आए कथित घुसपैठियों के नामों का मुद्दा गरमाता रहा। भाजपा ने बार-बार चेतावनी दी कि वोटर लिस्ट में फर्जी नाम भरे पड़े हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इसे साजिश बताया। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि स्वच्छ वोटर लिस्ट बिना लोकतंत्र अधूरा है। आयोग को निर्देश दिया कि तत्काल कार्रवाई हो। 24 घंटे में लिस्ट जारी करो, वरना अवमानना का सामना करो। यह आदेश आयोग के लिए चुनौती था। पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्य में लाखों नामों की जांच करना आसान नहीं। फिर भी आयोग ने कमर कस ली। विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया। क्षेत्रीय अधिकारियों को सक्रिय किया। परिणाम सामने आया 91 लाख नाम कट गए।

आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर साफ होती है। 60 लाख संदिग्ध मतदाता थे। जांच में 27 लाख कटे। बाकी 91 लाख में मृतक नाम प्रमुख हैं। आयोग ने कहा कि कई नाम ऐसे थे जो दशकों पुराने हैं। मालिक मर चुके, फिर भी लिस्ट में दर्ज। कुछ नाम डुप्लिकेट थे। एक ही व्यक्ति का कई जगह नाम। कुछ अवैध प्रवासियों के। जिले दर जिले सूची जारी हुई। कोलकाता में सबसे ज्यादा कटौती। उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जैसे सीमावर्ती जिलों में संख्या डरावनी। वहां घुसपैठ का खतरा हमेशा रहता है। आयोग ने दावा किया कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष रही, राजनीतिक दबाव से मुक्त। हर नाम हटाने से पहले सत्यापन हुआ। जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई। फिर भी विपक्ष चिल्ला रहा है। तृणमूल का कहना है कि यह भाजपा की साजिश है। वोट बैंक कम करने का प्रयास। लेकिन आयोग के पास प्रमाण हैं। मृत्यु प्रमाण पत्र आधारित हटाए गए नाम। आधार कार्ड से जुटाई गई जानकारी। यह सफाई लोकतंत्र के लिए जरूरी थी। इस कदम के राजनीतिक निहितार्थ गहरे हैं। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिये मतदान होना है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल का वर्चस्व है। ममता बनर्जी की सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप। भाजपा इसे बड़ा मुद्दा बनाएगी। 91 लाख नाम कटने से तृणमूल का वोट बैंक प्रभावित होगा, खासकर मुस्लिम बहुल इलाकों में। आयोग का यह फैसला भाजपा के पक्ष में जाता दिखता है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप स्वागतयोग्य है। लेकिन सवाल उठता है कि इतना बड़ा सफाया पहले क्यों नहीं हुआ। चुनाव आयोग पर पहले आलोचना हुई कि वह निष्क्रिय है। अब सक्रियता की तारीफ हो रही। फिर भी चुनौतियां बाकी हैं। हटाए गए नामों वाले लोग क्या करेंगे। अपील का रास्ता खुला है। आयोग ने कहा कि वैध साबित करने पर नाम वापस आ सकते हैं। लेकिन समय कम है। चुनावी माहौल में यह विवाद और भड़केगा। राजनीतिक दल सड़कों पर उतरेंगे। शांति भंग होने का खतरा। सामाजिक प्रभाव भी कम नहीं। पश्चिम बंगाल में गरीबी और बेरोजगारी ज्यादा। कई परिवार वोटर कार्ड पर निर्भर। नाम कटने से राशन कार्ड प्रभावित हो सकता। सरकारी योजनाओं का लाभ रुक सकता। मृतकों के नाम हटना तो सही, लेकिन जीवितों का क्या। कुछ निर्दोष कट सकते हैं। जांच में चूक हो सकती। ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कम। लोग नाम कटने की सूचना भी न पाएं। आयोग को अब प्रचार अभियान चलाना चाहिए। हर गली मोहल्ले में सूचना पहुंचानी चाहिए। डिजिटल माध्यमों का सहारा लें। वोटर हेल्पलाइन सक्रिय हैं।

# महिमाचक गांव के खेतों में आग से 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के महिमाचक गांव स्थित खेतों में मंगलवार की दोपहर गेहूं की फसल में अचानक आग लगने से कई किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आग की इस घटना में लगभग 25 बीघा क्षेत्र में लगी गेहूं की खड़ी फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।पीड़ित किसानों में राजीव रंजन कुमार, अजय प्रसाद, दिवाकर कुमार, विनोद कुमार, भोला प्रसाद, गौरव कुमार, अनूप प्रसाद, खरथुआ गांव के लाल यादव, इंदल यादव तथा तिस्कुरवा गांव के मोहन पंडित शामिल हैं। किसानों के अनुसार खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार से निकली चिंगारी के कारण आग लगी, जिसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों में फैल गई।आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में खेतों की ओर दौड़ पड़े और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। आग की लपटें तेज होने के कारण स्थिति गंभीर हो गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही हरनौत थाना की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों और अग्निशमन दल की टीम ने आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड टीम में इंद्रदेव कुमार समेत अन्य कर्मी शामिल थे। इस घटना से प्रभावित किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है और उन्होंने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।

# जहानाबाद में गैस आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचने की प्रशासन ने अपील की




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में रसोई गैस की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और निगरानी की स्थिति को लेकर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान अधिकारियों ने गैस आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, स्टॉक और शिकायतों के निवारण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

जिला प्रशासन के अनुसार जिले की कुल 19 गैस एजेंसियों में वर्तमान समय में 5,550 एलपीजी सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। वहीं उपभोक्ताओं की कुल 17,817 बुकिंग दर्ज है। प्रशासन ने बताया कि गैस की होम डिलीवरी औसतन चार दिनों के भीतर की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में तीन गैस एजेंसियों और नौ अन्य स्थानों पर छापेमारी की गई, लेकिन कहीं भी अवैध गतिविधि नहीं पाई गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी अनियमितता सामने आती है तो संबंधित एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही किसी भी समस्या की सूचना देने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर 06114-223013 जारी किया गया है, जो चौबीसों घंटे कार्यरत है। अब तक कुल 220 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनका निष्पादन किया जा चुका है।

प्रशासन ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि बुकिंग के दो से तीन दिनों के भीतर होम डिलीवरी सुनिश्चित करें। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि गैस की कमी को लेकर घबराएं नहीं और अफवाहों पर ध्यान न दें।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी निपुण कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी होमा इरफान सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित

# प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल जहानाबाद में तिलक से हुआ नए सत्र का स्वागत



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, एरोड्रम, जहानाबाद में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं और उत्साहपूर्ण वातावरण के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे परिसर में उल्लास और उमंग का माहौल देखने को मिला।

सत्र के प्रथम दिन विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकगण ने छात्र-छात्राओं का तिलक और चंदन लगाकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों का यह आत्मीय स्वागत बच्चों और अभिभावकों दोनों के लिए विशेष अनुभव बना।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत सरस्वती पूजा से हुई। विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और अभिभावक श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। हवन के दौरान पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।इस अवसर पर पी०पी० शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ० अभिराम शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नया सत्र छात्रों के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने का सुनहरा अवसर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय को अपने विद्यार्थियों से बड़ी अपेक्षाएं हैं और सभी बच्चों को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।अभिभावकों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में शिक्षकगण और विद्यालय कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा, जो नए शैक्षणिक वर्ष की सकारात्मक शुरुआत का संकेत दे रहा था।

# मलमास मेला 2026 की तैयारी तेज, डीएम ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के राजगीर में आयोजित होने वाले मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में 6 अप्रैल को जिला पदाधिकारी नालंदा श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में संबंधित कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेला की तैयारियों और व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि राजगीर में मलमास मेला 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक आयोजित होगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था के साथ राजगीर पहुंचते हैं और पवित्र ब्रह्म कुंड में स्नान करते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मलमास मेला से जुड़े सभी प्रकार के टेंडर समय से पूर्व हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि मेला के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन पहले ही किया जा चुका है।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं, शरण स्थली, शौचालय, चेंजिंग रूम, साफ-सफाई, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क, आवासन, खानपान, माइकिंग, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, बैरिकेडिंग, अग्निशमन सुरक्षा, मोबाइल शौचालय सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस और ई-रिक्शा से परिवहन की व्यवस्था भी की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस बल, महिला पुलिस और स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भीड़ पर सतत निगरानी की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाएगी और विभिन्न स्थानों पर पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंबुलेंस, स्ट्रेचर, आवश्यक दवाएं, मेडिकल कैंप तथा चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

मेला में खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए सूचना केंद्र बनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए कैंटीन, दीदी की रसोई और सस्ती रोटी काउंटर की व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही आधुनिक तकनीक के तहत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एआई काउंटर, मोबाइल एप और वेबसाइट की भी व्यवस्था की जाएगी।

श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए रेलवे स्टेशन, मेला थाना, धुनीवर, बस स्टैंड, झुनकिया बाबा, ब्रह्म कुंड घाट, स्टेट गेस्ट हाउस, सैनिक स्कूल, महाराजा होटल के समीप, गढ़ महादेव, वैतरणी और पीएचईडी कैंपस में वाटरप्रूफ यात्री शेड (टेंट सिटी) का निर्माण कराया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने ब्रह्म कुंड में प्राकृतिक स्रोतों से आने वाली अविरल जलधारा को बनाए रखने के लिए आसपास के क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया। वहीं वैतरणी घाट की साफ-सफाई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य समय पर पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। शाही स्नान के दौरान लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रवेश और निकास द्वार पर विशेष व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक प्रशिक्षु समाहर्ता, अपर समाहर्ता राजस्व, वरीय उप समाहर्ता बैंकिंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित भवन, लघु सिंचाई, विद्युत, पीएचईडी, नगर परिषद तथा अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।




# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बिहारशरीफ द्वारा आईएमए भवन परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया।

इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय "स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़ा रहें" रखा गया है, जो स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक प्रमाणों और आपसी सहयोग पर विशेष जोर देता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित शिविर में मरीजों को ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमडी, यूरिक एसिड तथा बीएमआई की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आईएमए परिसर में चिकित्सकों द्वारा पौधारोपण भी किया गया तथा लोगों के बीच पौधों का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जुम्बा कसरत का भी आयोजन किया गया।

शिविर को सफल बनाने में ब्लड शुगर जांच के



लिए डॉ. अशोक कुमार और डॉ. अखिलेश कुमार, यूरिक एसिड जांच में एलेम्बिक फार्मा तथा बीएमडी जांच में ग्लैशियल फार्मा का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर आईएमए के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिन्हा, सचिव डॉ. धनंजय कुमार, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. इंद्रजीत कुमार, डॉ. अभिषेक, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. वीरेंद्र प्रसाद (चर्मरोग), डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. अभिषेक (रिम्स), डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. अरुण कुमार (हड्डी), डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सुजीत कुमार (पीडियाट्रिक सर्जन), डॉ. अजय कुमार (सर्जन), डॉ. अमरेंद्र कुमार, डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा, डॉ. कुमार अमरदीप नारायण, डॉ. अरुण कुमार (सहोखर), डॉ. शंभू शरण, डॉ. राजीव रंजन (फिजिशियन), डॉ. अंजय, डॉ. पंकज, डॉ. सबरी अहसन, डॉ. रश्मि नारायण, डॉ. ममता कौशांबी, डॉ. नीतू कुमारी तथा डॉ. त्रिशला सहित कई प्रमुख चिकित्सक उपस्थित रहे।

# सरकारी विद्यालय में नामांकन बढ़ाने को चोरसुआ मध्य विद्यालय ने निकाली जागरूकता रैली



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गिरियक प्रखंड के मध्य विद्यालय चोरसुआ में प्रवेशोत्सव अभियान के तहत बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। इस अभियान में विद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य, बाल संसद एवं मीणा मंच के सदस्य तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली के दौरान बच्चों ने पूरे गांव का भ्रमण करते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने हाथों में तख्तियां और नारों के साथ लोगों को सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशिभूषण प्रसाद ने बताया कि वर्तमान समय में विद्यालय में सभी विषयों के प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जिनमें नि:शुल्क पुस्तक, डायरी, छात्रवृत्ति, पोशाक, मध्याह्न भोजन तथा स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराना है।उन्होंने बताया कि शिक्षकों के परिश्रम का ही परिणाम है कि विद्यालय की आठवीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राएं मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हुए हैं। इसके अलावा विद्यालय के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्काउट-गाइड तथा खेल गतिविधियों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस अवसर पर सुशीला कुमारी, मनोरमा कुमारी, आदित्य राज, मो. शाहबाज आलम, विजया लक्ष्मी, अरुण कुमारी, गुलशन रजक, बिन्दु सिन्हा और साक्षी सुमन सहित अन्य लोगों ने घर-घर जाकर नामांकन के लिए संपर्क किया तथा अभिभावकों से बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाने की अपील की।

# ब्रिलियंट कॉन्वेंट में नए सत्र का भव्य आगाज, बच्चों का हुआ जोरदार स्वागत



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।स्थानीय ब्रिलियंट कॉन्वेंट विद्यालय के विशाल सभागार में शैक्षणिक सत्र 2026–27 का प्रथम दिन बेहद उत्साह, उल्लास और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ। नए सत्र के पहले दिन विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों की प्रस्तुति और शिक्षकों के उत्साह ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक नृत्य से हुई। बच्चों की रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने सभागार में मौजूद अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरे सभागार में खुशी और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ



. धनंजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन मनुष्य के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है। इस दौरान जो भी ज्ञान, संस्कार और आदतें विद्यार्थी सीखते हैं, वही आगे चलकर उनके जीवन की दिशा और भविष्य तय करती हैं। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशी भूषण कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा मिट्टी के समान होता है, जिसे उचित मार्गदर्शन और शिक्षा के माध्यम से सुंदर आकार दिया जा सकता है। जिस प्रकार एक कुम्हार मिट्टी को चाक पर रखकर अपने हाथों से उसे मनचाहा रूप देता है, उसी प्रकार विद्यालय में शिक्षक बच्चों को शिक्षा और संस्कार देकर उनके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नए सत्र में प्रवेश करते हुए सभी छात्र-छात्राएं यह संकल्प लें कि वे अपने वर्ग की मर्यादा, शिक्षकों और गुरुजनों का सम्मान तथा माता-पिता के प्रति आदर को हमेशा बनाए रखेंगे। यदि विद्यार्थी इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाते हैं तो वे न केवल अच्छे विद्यार्थी बनेंगे बल्कि एक अच्छे नागरिक और आदर्श पुत्र या पुत्री भी बनेंगे। उन्होंने विद्यालय की टैगलाइन “इंटर टू लर्न एंड एग्जिस्ट टू सर्व” का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त कर समाज की सेवा करने का भी संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधान शिक्षक रंजय सिंह ने पिछले शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न कक्षाओं के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित कराया। विद्यालय के अध्यक्ष के हाथों उन्हें उपहार प्रदान किए गए, जिससे बच्चों का उत्साह और भी बढ़ गया।

इसके अलावा विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा विद्यालय में सेवा देने वाले अन्य कर्मचारियों को भी मंच पर बुलाकर उनका सम्मान किया गया और उनका मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए संगीत प्रस्तुति दी, जिससे पूरे कार्यक्रम का माहौल और भी आनंदमय हो गया।कार्यक्रम के दौरान सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों पर गुलाब की पंखुड़ियों की पुष्प वर्षा की गई। वहीं जब बच्चे अपने नए वर्ग में प्रवेश कर रहे थे, तब उन्हें चॉकलेट देकर उनका स्वागत किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. पुष्प लता विद्यार्थी ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रंजय सिंह, किशोर पांडेय, विजय कुमार, पवन कुमार, नाजिम राजा, नाजिया खान, दूरोक्षण मैडम, चांपा मैडम, मिलन मैडम, सीमा मैडम, सोनम मिस और नंदिनी मिस सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# अस्थावां बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, 50 दुकानें टूटीं, दुकानदारों में आक्रोश



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अस्थावां बाजार में मंगलवार को नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत बुलडोजर चलाया गया। इस कार्रवाई में करीब 40 से 50 अस्थायी दुकानों को हटा दिया गया, जिससे कई गरीब दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया। घटना के बाद दुकानदारों में काफी नाराजगी देखी गई और उन्होंने प्रशासन पर बिना उचित सूचना के कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

प्रशासन का कहना है कि बाजार क्षेत्र में सड़क के दोनों किनारों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण आवागमन में परेशानी हो रही थी। इसी को देखते हुए नगर पंचायत की टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर पंचायत पदाधिकारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि अभियान से पहले माइकिंग के माध्यम से 24 घंटे पूर्व ही दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

वहीं दूसरी ओर प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि उन्हें कोई स्पष्ट लिखित नोटिस नहीं दिया गया। नूरजहां खातून ने बताया कि उन्होंने सड़क से तीन फीट पीछे दुकान लगाई थी, फिर भी उनकी दुकान तोड़ दी गई, जिससे उन्हें करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दुकानदार विनोद कुमार ने आरोप लगाया कि बुलडोजर आने के दौरान उनके चूल्हे में आग जल रही थी, जिससे सामान भी जल गया। संजय चौरसिया ने कहा कि वे प्रतिदिन 20 रुपये टैक्स देते थे, इसके बावजूद अचानक दुकान तोड़ दी गई, जिससे करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ। प्रभावित दुकानदारों ने जिला प्रशासन से मुआवजा और स्थायी दुकान उपलब्ध कराने की मांग की है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राजगीर में नि:शुल्क नेत्र और दंत स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजित



राजगीर (अपना नालंदा)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजगीर में कृष्णा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (दांत एवं आंख अस्पताल) द्वारा विस्थापित क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श प्राप्त किया।

शिविर के दौरान मरीजों की आंख और दांत की जांच की गई तथा उन्हें स्वस्थ रहने के लिए जरूरी सलाह दी गई। डॉक्टरों ने लोगों को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने, साफ-सफाई रखने और संतुलित आहार लेने की सलाह दी। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय “स्वास्थ्य के लिए एकजुट विज्ञान के साथ खड़ा रहें” रखा गया है, जो स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक प्रमाणों और आपसी सहयोग के महत्व पर विशेष जोर देता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस शिविर में डॉक्टरों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा आंख और दांत से संबंधित समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। शिविर में आए मरीजों ने अपने स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के बारे में डॉक्टरों से चर्चा की और उचित परामर्श प्राप्त किया।

इस अवसर पर कृष्णा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनीश रंजन तथा दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. के. पान ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी।

कार्यक्रम में अनीता गुप्ता, अनिकेत राज, विकास कुमार, ललन कुमार, मोहित कुमार, काजल कुमारी सहित अस्पताल के अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

# नालंदा कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष विवेक सिन्हा का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ स्थित राजेंद्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को नालंदा जिला कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विवेक सिन्हा के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया और पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने औपचारिक रूप से उन्हें पदभार सौंपा।

समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने की, जबकि मंच संचालन जमाल अशरफ जमाली ने किया। इस अवसर पर विवेक सिन्हा ने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और जिले में कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा देने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से नालंदा जिला कांग्रेस कमिटी को और सशक्त बनाया जाएगा।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय समन्वयक संजय महाराज, युवा जिलाध्यक्ष विवेकानंद पासवान, नंदू पासवान, अरुण बिंद, मीर अरशद हुसैन, हरी सिंह, कमाल अहमद, संजू पांडेय, विद्यानंद कुमार, इमरान खान, बच्चन पांडेय, राजेश कुमार, इंजीनियर टीपू, राजेंद्र चौधरी, शैलेन्द्र कुमार, शिशुपाल जी, मुकेश, एजाज खान, किरनी पासवान, कैटन शाही, नरेंद्र शाही, बाल्मीकि यादव, भगवान प्रसाद अलबेला, राजेश्वर जी, शारफराज मालिक तथा उस्मान गनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विवेक सिन्हा को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में नालंदा जिला कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की गतिविधियों को नई दिशा

# नूरसराय की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए बिहारशरीफ में प्रजापति समाज का जोरदार धरना प्रदर्शन



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड की एक पीड़ित महिला को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बिहारशरीफ के अस्पताल मोड़ पर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना में प्रजापति समाज के साथ-साथ अतिपिछड़ा समाज के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद प्रतिनिधिमंडल ने नालंदा के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की।

धरना को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुबोध पंडित ने कहा कि इस तरह के जघन्य अपराध करने वाले दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी घटना करने की हिम्मत न करे। जिला सचिव संजीव कुमार बिट्टू ने कहा कि अतिपिछड़ा समाज के लोगों के साथ लगातार उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कठोर सजा दी जाए,



ताकि कोई भी दोषी बच न सके और निर्दोष न फंसे।समाजसेवी प्रवेश कुमार ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर एक महीने के भीतर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

धरना प्रदर्शन में युवा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, प्रदुवन कुमार, नंदकिशोर पंडित, राजद नेता उमेश पंडित, प्रमोद पंडित, सुजीत कुमार, कांग्रेस नेता शशी पंडित, रंजीत पंडित, भाजपा नेत्री शीला पंडित, जदयू नेता जनार्दन पंडित, अतिपिछड़ा नेता अवधेश पंडित, दिलीप मंडल, रंजीत शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, गोरख ठाकुर, रामप्रीत चौहान, कुमारी सरोज सिन्हा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने की मांग की।

# मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्रों को विद्यालय में किया गया सम्मानित



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय ब्रहगामा में मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान बेहतर अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति देकर प्रोत्साहित किया गया।

विद्यालय की छात्रा संगम कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में 475 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा जिला स्तर पर सातवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा नमन कुमार वर्मा ने 439 अंक, अंजलि कुमारी ने 420 अंक, निधि कुमारी ने 417 अंक, साहिल कुमार ने 403 अंक तथा आलसी कुमारी सहित 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कई छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवजी पासवान ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हुई है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार परिश्रम कर उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में शिक्षक शिवानी कुमारी, दिनेश कुमार सिन्हा, दीपक राज चौधरी, शंभू नारायण सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए विद्यालय परिवार ने उन्हें आगे भी मेहनत करने की सलाह दी।

# थरथरी में वाहन जांच के दौरान हथियार के साथ चार युवक गिरफ्तार

थरथरी (अपना नालंदा)।थरथरी थाना क्षेत्र के गवसपुर-अदलचक मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस के साथ चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि पुलिस द्वारा गवसपुर-अदलचक मोड़ पर नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान अस्ता बाजार की ओर से बिना नंबर प्लेट का एक टेम्पू आता दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन को रोकने का संकेत दिया, लेकिन पुलिस को देखकर टेम्पू पर सवार पांचों युवक वाहन छोड़कर भागने लगे।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया, जबकि एक युवक अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए युवकों की तलाशी लेने पर शत्रुधन कुमार के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया। वहीं मनीष कुमार के पास से दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए।भागने के दौरान मनीष कुमार और छोटे पासवान गिरकर घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, थरथरी ले जाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया।

गिरफ्तार युवकों की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर निवासी गुड्डू कुमार तथा थरथरी थाना क्षेत्र के गवसपुर महानंदचक गांव निवासी शत्रुधन कुमार, मनीष कुमार और छोटे पासवान के रूप में की गई है। वहीं फरार आरोपी की पहचान कन्हैया कुमार के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# पचलोवा गांव में 21 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख, नौ किसानों को भारी नुकसान



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)।इस्लामपुर थाना क्षेत्र के पचलोवा गांव में मंगलवार को अचानक आग लगने से करीब 21 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में गांव के नौ किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा।जानकारी के अनुसार खेतों में लगी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही समय में आसपास के खेतों में खड़ी फसल को भी अपनी चपेट में ले लिया।
आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास करने लगे।घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना मिलते ही इस्लामपुर थानापुलिस अग्निशमन वाहन के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जलकर राख हो चुकी थी। इसके बाद अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया।ग्रामीणों के अनुसार इस आगलगी की घटना में करीब 21 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जल गई। पीड़ित किसानों में ओमप्रकाश की चार एकड़, शैलेश कुमार की साढ़े चार एकड़, महेश प्रसाद की पांच एकड़, विजय कुमार और मुन्नी देवी की दस-दस कट्ठा, जयप्रकाश यादव की बत्तीस कट्ठा तथा पिंटू कुमार और शंकर कुमार की दस-दस कट्ठा खेत में लगी गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई।
इस घटना के बाद पीड़ित किसानों में मायूसी का माहौल है। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक सहायता मिल सके

# हरनौत नगर पंचायत में स्थायी समिति चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। चुनाव की आहट के साथ ही सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों खेमों में अपने-अपने समर्थक पार्षदों को साधने की कवायद शुरू हो गई है। नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों बैठकों, संपर्क अभियान और अंदरखाने रणनीति बनाने का दौर चल रहा है।
नगर कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि नगर पंचायत में स्थायी समिति के तीन सदस्यों का चुनाव होना है। हालांकि अभी चुनाव की तिथि निर्धारित नहीं की गई है, लेकिन विभागीय निर्देश के अनुसार 15 से 20 अप्रैल के बीच चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इस प्रक्रिया में सभी निर्वाचित वार्ड पार्षद गुप्त मतदान के माध्यम से स्थायी समिति के सदस्यों का चयन करेंगे। पूरी चुनाव प्रक्रिया की निगरानी, निर्देशन और नियंत्रण की जिम्मेदारी जिला पदाधिकारी को दी गई है।
चुनाव को लेकर नगर पंचायत में किस पार्षद का झुकाव किस खेमे की ओर है और किसे किसका समर्थन मिलेगा, इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। संभावित दावेदारों ने अपने समर्थकों से संपर्क बढ़ाना शुरू कर दिया है।




कई पार्षदों के आसपास इन दिनों राजनीतिक हलचल काफी तेज देखी जा रही है।
नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश के अनुसार प्रत्येक निर्वाचित वार्ड पार्षद केवल एक ही व्यक्ति के पक्ष में नामांकन कर सकेंगे। मतदान के बाद मतगणना होगी और सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले पार्षदों को समिति का सदस्य घोषित किया जाएगा।
उप मुख्य पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने कहा कि यह निर्णय निकाय के सुचारू संचालन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी और जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# नेहुसा मौजा के खंदा में आग से 25 बीघा गेहूं की फसल हुई राख

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के नेहुसा-गोखुलपुर गांव के पास स्थित मौजा नेहुसा के खंदा में मंगलवार की दोपहर अचानक गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों में तेजी से फैल गई। इस अगलगी की घटना में करीब एक दर्जन किसानों की लगभग 25 बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।खेत से धुआं उठता देख ग्रामीणों को आग लगने की जानकारी हुई। जब तक लोग आग बुझाने के लिए खेतों तक पहुंचे, तब तक आग ने काफी क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया था।तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे किसानों की तैयार फसल देखते ही देखते राख में बदल गई। आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम रहुई एवं वेना थाना क्षेत्र से मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर लाठी-डंडे और अन्य




साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। अग्निशमन दल में चालक सनोज के साथ अग्निकर्मी गोविंद, सपना, रोहित, राकेश और निरंजन शामिल थे। सभी के संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।इस घटना में किसान पवन कुमार, विजेंद्र कुमार, बनारस महतो, नवल राम, सुजीत कुमार, रामनाथ प्रसाद उर्फ दरोगा जी सहित कई किसानों की फसल जलकर नष्ट हो गई। मौके पर पहुंचे किसान सलाहकार अमरेश कुमार ने प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर क्षति का आकलन किया। अचानक हुई इस अगलगी से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और वे प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं

# छतियाना में आग से गेहूं की फसल जली, किसान ने मांगा मुआवजा

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के छतियाना गांव स्थित खील खंदा में आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में कई किसानों की लगभग सात बीघा खड़ी गेहूं की फसल नष्ट हो गई। आग लगने के बाद ग्रामीणों और अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास की अन्य फसलों को बचाया जा सका।
बताया जाता है कि बीते तीन अप्रैल की दोपहर शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और कई किसानों की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। इस अगलगी की घटना में छतियाना गांव निवासी रामनंदन सिंह के पुत्र अनिल कुमार की लगभग एक बीघा क्षेत्र में लगी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। इस घटना से उन्हें करीब 25 हजार रुपये की क्षति हुई है।
घटना के बाद पीड़ित किसान अनिल कुमार ने



मंगलवार को अंचल कार्यालय पहुंचकर उचित मुआवजे की मांग करते हुए अंचलाधिकारी को आवेदन दिया है। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर सहायता देने की मांग की है।
इस संबंध में अंचलाधिकारी पूजा कुमारी ने बताया कि किसान द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्राकृतिक या आकस्मिक आपदा में हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार की ओर से सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

# हिलसा के गणपत बिगहा प्राथमिक विद्यालय में चोरी, दरवाजा तोड़कर सामान ले गए चोर

हिलसा (अपना नालंदा)।हिलसा थाना क्षेत्र के गणपत बिगहा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों में चिंता का माहौल है।
बताया जाता है कि सोमवार को विद्यालय बंद करने के बाद प्रधानाध्यापक दिवाकर कुमार अपने आवास पर चले गए थे। इसी दौरान रात में अज्ञात चोरों ने विद्यालय के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर लिया और चोरी की घटना को अंजाम दिया।मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने फोन कर प्रधानाध्यापक को विद्यालय में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद जब प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। साथ ही कार्यालय कक्ष का दरवाजा भी तोड़ा गया था और कमरे में रखा सामान बिखरा हुआ था।प्रधानाध्यापक के अनुसार चोरों ने विद्यालय से बच्चों के उपयोग में आने वाले ढोलक, थाली, दस रजिस्टर, झाड़ू, बक्सा तोड़कर उसमें रखी किताबें, बिजली तार का बोर्ड सहित अन्य सामान चोरी कर लिया है।

# खुदागंज थाना पुलिस ने झारखंड से अपहृत युवक को सकुशल बरामद किया

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)।खुदागंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत युवक को झारखंड से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है।
इस संबंध में खुदागंज थाना अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलौत ने बताया कि खुदागंज थाना क्षेत्र के जैंतीया गांव निवासी स्वर्गीय राजनंदन यादव के पुत्र रंजीत कुमार ने 5 अप्रैल को अपने भाई आशीष कुमार के अपहरण की प्राथमिकी खुदागंज थाना में दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में रंजीत कुमार ने अपने ही रिश्तेदारी की एक महिला को इस मामले में आरोपित किया था।प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी। थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड राज्य के जमशेदपुर स्थित आदित्यपुर क्षेत्र में छापेमारी की।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




**अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर**
**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान**

## नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251